भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2633

उत्तर देने की तारीख-09/03/2026

दिल्ली में केंद्रीय विश्वविद्यालयों को आवंटित निधि

2633. **श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में शिक्षा क्षेत्र पर होने वाला कुल व्यय कितना है, और यह पिछले वर्ष के परिव्यय से कितना अधिक है;

(ख) वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में दिल्ली स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए आवंटित कुल निधि कितनी है; और

(ग) क्या वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में दिल्ली विश्वविद्यालय के अंतर्गत नए कॉलेज खोलने का कोई प्रावधान है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) शिक्षा मंत्रालय को केंद्रीय बजट वर्ष 2026-27 में 1,39,289.48 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है, जो वर्ष 2025-26 में 1,28,650.05 करोड़ रुपये के बजट आवंटन की तुलना में 10,639.43 करोड़ रुपये अधिक है।

(ख) शिक्षा मंत्रालय "केंद्रीय विश्वविद्यालयों को अनुदान" के तहत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को एकमुश्त अनुदान जारी करता है, जो दिल्ली सहित केंद्रीय विश्वविद्यालयों (सीयू) को पिछले वर्ष के दौरान उनकी आवश्यकता और व्यय के आधार पर निधि आवंटित करता है। केंद्रीय बजट में किसी भी केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए कोई अलग निर्धारित आवंटन नहीं किया गया है।

(ग) वर्ष 2026-27 के लिए केंद्रीय बजट में दिल्ली विश्वविद्यालय के तहत नए कॉलेज खोलने के लिए कोई विशिष्ट प्रावधान नहीं है।

*****